तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान

हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड, एवियॉनिक्स प्रभाग, कोरवा, अमेठी– 227412 (यू.पी.)

फोन नं. 05368–255005,एक्सटेंशन1640/1641, 255887

सूचना बुलेटिन –प्रशिक्षण/665/8/2017-18/ **दिनाँक– 27/09/2017**

अधिसूचना

विषयः शिशिक्षुता अधिनियम 1961 के अधीन आई.टी.आई. के लिए अप्रेन्टिसशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम (2017–18)

शिशिक्षुता अधिनियम 1961 के अधीन एकवर्षीय अप्रेन्टिसशिप प्रशिक्षण 2017–18 हेतु चयन प्रक्रिया निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार होना सुनिश्चित हुआ हैः

(1) **व्यवसायः–** इलेक्ट्रॉनिक्स मेकैनिक, इन्सट्रूमेन्ट मेकैनिक, मशीनिष्ट ग्राइण्डर, इलेक्ट्रीशियन, रेफ्रिजरेशन एण्ड ए0 सी0 मेकैनिक, ड्राफ्ट्समैन (मेकैनिकल), इलेक्ट्रोप्लेटर।
अर्हताः– अभ्यर्थियों को हाईस्कूल अथवा समकक्ष परीक्षा विज्ञान वर्ग से उत्तीर्ण होना चाहिए।
उपरोक्त लिखित सभी व्यवसायों से किसी एक में आई0 टी0 आई0 परीक्षा उत्तीर्ण एवं राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रमाणपत्र, राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एन0 सी0 वी0 टी0) द्वारा प्रदान होना चाहिए।

(2) **व्यवसायः–** फिटर, टर्नर,मशीनिष्ट,मेकैनिक मोटर व्हीकल।
अर्हताः– अभ्यर्थियों को हाईस्कूल अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।
उपरोक्त लिखित व्यवसाय से आई0 टी0 आई0 परीक्षा उत्तीर्ण एवं राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रमाणपत्र, राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एन0 सी0 वी0 टी0) द्वारा प्रदान होना चाहिए।

(3) **व्यवसाय :–** पेन्टर (सामान्य), वेल्डर (गैस एवं इलेक्ट्रिक) ।
अर्हताः– अभ्यर्थियों को कक्षा 8 अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।
उपरोक्त लिखित व्यवसाय से आई0 टी0 आई0 परीक्षा उत्तीर्ण एवं राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रमाणपत्र, राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एन0 सी0 वी0 टी0) द्वारा प्रदान होना चाहिए।

(4) **व्यवसायः–** Computer Operator & Programming Assistant (COPA/कोपा)
अर्हताः– अभ्यर्थियों को कक्षा 12 विज्ञान अथवा कॉमर्स वर्ग से उत्तीर्ण होना चाहिए।
उपरोक्त लिखित व्यवसाय से आई0 टी0 आई0 परीक्षा उत्तीर्ण एवं राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रमाणपत्र, राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एन0 सी0 वी0 टी0) द्वारा प्रदान होना चाहिए।

(5) **आयु सीमाः**–दिनांक **16/10/2017** को अभ्यर्थी की आयु 27 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु सीमा में **5** वर्ष की छूट और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 3 वर्ष की छूट है।

एच.ए.एल. के सेवारत/ सेवानिवृत्त/ मृत कर्मचारियों के Ward को प्रबंधक (मानव संसाधन) से प्रमाणित संबद्ध कर्मचारी का विवरण संलग्न फॉर्मेट में जमा करना होगा।

(6) योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी को अपने आवेदन करने के लिए www.hal-india.com पर उपलब्ध Excel फाइल को डाउनलोड करे।

- उसी Excel फाइल को पूर्ण रुप से भरकर tti.korwa@hal-india.com पर ईमेल करना होगा।
- रजिस्ट्रेशन नम्बर www.apprenticeship.gov.in की website से प्राप्त करना होगा।
- अभ्यर्थी Excel फाइल का नाम बदलकर रजिस्ट्रेशन नम्बर के समान कर दें।
- Excel फाइल का नाम रजिस्ट्रेशन नम्बर तथा ई–मेल कें (Subject) में रजिस्ट्रेशन नम्बर और अपना नाम लिखना होगा।
- Photo (JPG) एवं Signature (JPG) में scan करके tti.korwa@hal-india.com पर भेजना होगा।
- यदि अभ्यर्थी HAL ward है तो उसे HAL मानव संसाधन विभाग से प्राप्त signed copy को scan करके tti.korwa@hal-india.com पर भेजना होगा।
- अपूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन–पत्र या Excel फाइल के अतिरिक्त किसी अन्य फाइल में भेजे गये आवेदन अस्वीकृत कर दिए जाएंगे। दिनाँक **16/10/2017** के बाद ई–मेल किये गये आवेदन, किसी भी दशा में स्वीकृत नहीं किए जाएंगे।

(07) आयु एवं योग्यता इत्यादि संबंधी शर्तें पूरी न होने की दशा में चयन प्रक्रिया के दौरान किसी भी समय अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

(08) **चयन प्रक्रियाः** शिशिक्षुओं का चयन प्रत्येक व्यावसाय में मेरिट के आधार पर होगा। मेरिट लिस्ट योग्यता परीक्षा (10^{th} class में प्राप्त अंको का 70% weightage तथा आई.टी.आई. में प्राप्त अंको का 30% weightage) के अनुसार बनाई जायेगी।

(09) **आरक्षणः** शिशिक्षुओं की नियुक्ति में आरक्षण शिशिक्षु अधिनियम–1961 के अधीन होगा।

- प्रशिक्षण की अवधि एक वर्ष की होगी।
- ऐसे अभ्यर्थी जो शिशिक्षुता प्रशिक्षण कर चुके हैं/कर रहे हैं/अप्रेन्टिस ट्रेनिंग में रजिस्टर्ड हैं, वे इस चयन प्रक्रिया के योग्य नहीं हैं।
- शिशिक्षुओं को नियमानुसार प्रति महीनें वृत्तिका (स्टाइपेन्ड) दी जायेगी।
- प्रमाणपत्र सत्यापन प्रक्रिया में उपस्थित होने हेतु कोई भी यात्रा भत्ता/ मँहगाई भत्ता नहीं दिया जाएगा, सत्यापन प्रक्रिया के दौरान यदि आवश्यकता हो तो अभ्यर्थियों को अपने ठहरने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
- अधिसूचना सूचना पट्ट पर, लैन/वैन एवं एच.ए.एल. के वेबसाइट www.hal-india.com पर दर्शायी जाएगी। इसी तरह औपबंधिक (Provisional) रूप से चयनित अभ्यर्थियों की सूची सूचना पट्ट पर, लैन/वैन एवं एच.ए.एल. की वेबसाइट पर दिखलायी जायेगी।
- नियुक्ति प्रक्रिया का कार्यक्रम नीचे दिया गया है। महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की तिथियों में परिवर्तन, कंपनी अपने पास सुरक्षित रखती है।
- किसी भी रुप में कैनवेसिंग को अयोग्यता माना जायेगा।

महत्वपूर्ण तिथियाँ

क.सं.	कार्यक्रम का विवरण	तिथि
01.	आई.टी.आई. शिशिक्षुता प्रशिक्षण हेतु एच.ए.एल. कोरवा में आवेदन **ई–मेल** करने की अंतिम तिथि।	16/10/2017
02.	औपबन्धिक (Provisional) रूप से चयनित अभ्यर्थियों की हि.ए.लि. की वेबसाइट www.hal-india.com पर घोषणा।	06/11/2017
03.	औपबंधित (Provisional) रुप से चयनित अभ्यर्थियों का एच.ए.एल. कोरवा में प्रमाणपत्र सत्यापन।	07/11/2017 से 14/11/2017

दिनाँकः 27.09.2017

उप महाप्रबंधक (प्रशिक्षण)